हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(अष्टम् सत्र)

लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

शुक्रवार, 13 मार्च, 2015/22 फाल्गुन, 1936 (शक्)

[सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - वन मंत्री - शहरी विकास मंत्री तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री].

कुल प्रश्न - 3

प्रीणी-बिजली महादेव उठाऊ सिंचाई योजना

758 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-
(क) यह सत्य है कि प्रीणी से बिजली महादेव तक उठाऊ सिंचाई योजना प्रस्तावित है;

(ख) यदि हां, तो यह योजना किस वर्ष विधायक प्राथमिकता में डाली गई;

(ग) इसकी क्या डी0पी0आर0 तैयार हो चुकी है;

(घ) यदि हां, तो उसकी प्रति अनुमानित लागत सहित सभा पटल पर रखें; और

(ड.) यह योजना क्या Central Water Commission को स्वीकृति हेतु प्रेषित की जा चुकी है; ब्यौरा दें?

ब्यास नदी का तटीयकरण

759 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-
(क) यह सत्य है कि ब्यास नदी के बाढ़ नियंत्रण और तटीयकरण के लिए पलचान से औट तक कोई योजना प्रस्तावित है;

(ख) यदि हां, तो इस योजना को पहली बार विधायक प्राथमिकता में किस वर्ष में सम्मिलित किया गया; ब्यौरा दें; और

(ग) इस योजना की सम्भावित लागत कितनी है; और इसकी अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा नक्शे सहित सभा पटल पर रखें ?

पेयजल योजना हेतु धनराशि

760 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली)ः**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि नगर परिषद् मनाली और कुल्लू के पीने के पानी की योजना के संवर्धन के लिए धनराशि प्राप्त हुई है;

(ख) यदि हां, तो कब और कितनी-कितनी राशि प्राप्त हुई है; और

(ग) इसमें प्रदेश और केन्द्र सरकार की कितनी-कितनी भागीदारी रहेगी; ब्यौरा दें?

शिमलाः 171004. **सुन्दर सिंह वर्मा,**
दिनांकः 25 फरवरी, 2015. **सचिव।**